>

Title: Need to conduct a special drive for recruitment of Scheduled Castes & Scheduled Tribes in the Country.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, पूरे देश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रथम श्रेणी के रिक्त पदों की एवं केन्द्र सरकार के सभी विभागों में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु केन्द्र सरकार विशेष अभियान चलाकर 6 माह के अंदर भर्ती करें जिससे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को नौकरी में प्राथमिकता मिल सके एवं उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिल सके।

उक्त समय सीमा में रिक्त पदों की पूर्ति नहीं करने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही एवं सजा का प्रावधान किया जाये।